आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)
प्रादेशिक समाचार

1910 रविवार 28.04.2024

मुख्य समाचारः—

1— छत्तीसगढ़ में लोकसभा चुनाव के तीसरे चरण के लिए जोर पकड़ रहा है प्रचार।

2— बिलासपुर स्थित गुरु घासीदास केंद्रीय विश्वविद्यालय ''ए डबल प्लस'' रैंकिंग पाने वाला प्रदेश का पहला विश्वविद्यालय बना।

3— महादेव सट्टा ऐप मामले में मुंबई पुलिस ने बॉलीवुड अभिनेता साहिल खान को जगदलपुर से गिरफ्तार किया।

4— आगामी चौबीस घंटों के दौरान प्रदेश में एक—दो स्थानों पर हल्की वर्षा होने अथवा गरज—चमक के साथ छींटे पड़ने की संभावना।

लोकसभा चुनाव—तीसरा चरण

प्रदेश में लोकसभा चुनाव के तीसरे चरण के लिए चुनाव प्रचार तेज हो गया है। भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने आज जांजगीर—चांपा लोकसभा क्षेत्र के अकलतरा इलाके में स्थित पहरिया और रायगढ़ लोकसभा क्षेत्र के अंतर्गत धरमजयगढ़ इलाके में स्थित कापू में भाजपा प्रत्याशियों के पक्ष में विजय संकल्प रैली को संबोधित किया।

दूसरी ओर, कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी कल बिलासपुर जिले के सकरी में सभा को संबोधित करेंगे। वहीं, कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे परसों तीस अप्रैल को जांजगीर—चांपा लोकसभा क्षेत्र के चांपा में सभा को संबोधित करेंगे।

इस बीच, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने लोकसभा चुनाव के प्रचार—प्रसार के लिए विधानसभावार जिम्मेदारी तय करते हुए कांग्रेस पदाधिकारियों की नियुक्ति की है।

वहीं, जांजगीर—चाम्पा जिले में कांग्रेस के प्रदेश सचिव राघवेंद्र पांडेय ने पार्टी से इस्तीफा दे दिया है।

भाजपा—प्रेसवार्ता

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष शिवरतन शर्मा ने आरोप लगाया है कि कांग्रेस के घोषणा पत्र में अनुसूचित जाति—जनजातियों के साथ धोखा और तुष्टिकरण के साथ ही अपराधियों को संरक्षण देने की बात है। रायपुर में आयोजित एक पत्रकारवार्ता में श्री शर्मा ने कहा कि कांग्रेस आदिवासियों, पिछड़ा वर्ग और अनुसूचित जाति सहित सामान्य वर्ग के सभी लोगों का हक छीन लेना चाहती है। श्री शर्मा ने कहा कि राहुल गांधी के सलाहकार सैम पित्रोदा ने संपत्ति में विरासत टैक्स लगाने की बात कही है, जिसका भाजपा विरोध करती है। उन्होंने कहा कि नरेन्द्र मोदी की सरकार ने आर्थिक रूप से पिछड़े हर तबके के लिए कार्य किए हैं।

दूसरी ओर, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा है कि इस लोकसभा चुनाव के बाद यदि केन्द्र में कांग्रेस की सरकार बनती है तो सामाजिक रूप से वंचित लोगों के लिए हिस्सेदारी न्याय लागू किया जाएगा। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा संविधान बदलता चाहती है और आरक्षण को खत्म करना चाहती है।

निर्वाचन आयोग—कार्रवाई

प्रदेश में लोकसभा चुनाव के दौरान मतदान की गोपनीयता भंग करने वालों के खिलाफ निर्वाचन आयोग द्वारा कार्रवाई की जा रही है। इसके तहत राजनांदगांव जिले के डोंगरगढ़ थाना क्षेत्र के कुछ मतदाताओं ने वोट डालने के दौरान बैलेट यूनिट का बटन दबाते हुए फोटो मोबाइल में खींचकर सोशल मीडिया में शेयर किया था। इन लोगों के खिलाफ डोंगरगढ़ पुलिस ने लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम के तहत कार्रवाई की है। वहीं, सोशल मीडिया में डाले गए पोस्ट को हटाया गया है।

मतदाता जागरूकता—01

प्रदेश में लोकसभा चुनाव के तहत मतदान का प्रतिशत बढ़ाने के लिए जिला प्रशासन द्वारा लगातार मतदाता जागरूकता कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं। इसी कड़ी में चेम्बर ऑफ कॉमर्स से जुड़े व्यापारिक संगठनों ने अपने उत्पादों में लोगों को मतदान करने के लिए प्रोत्साहित करने छूट देने की घोषणा की है। चेंबर ऑफ कॉमर्स के प्रदेश अध्यक्ष अमर पारवानी के नेतृत्व में व्यापारियों ने रायपुर के जिला निर्वाचन अधिकारी डॉक्टर गौरव कुमार सिंह से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने कहा कि जो मतदाता अंगुली की स्याही उनके दुकानों—प्रतिष्ठानों में आकर दिखाएगा, उसे विभिन्न उत्पादों की खरीदी पर छूट दी जाएगी। कलेक्टर ने इस पहल की सराहना करते

हुए कहा कि इससे अधिक से अधिक संख्या में लोग मतदान करने के लिए प्रेरित होंगे। यह छूट सात मई से बारह मई तक दी जाएगी।

वहीं, राजधानी रायपुर में कई अन्य होटल, रिसॉर्ट्स और अस्पतालों ने भी अपने ग्राहकों को मतदान करने के बाद स्याही का निशान दिखाने पर छूट देने की घोषणा की है। इन संस्थाओं ने जिला कलेक्टर से मुलाकात कर अपने ऑफर संबंधी पत्र उन्हें सौंपा।

इसी तरह, रायपुर के मरीन ड्राइव के पास स्थित एक रेस्टॉरेंट ने मतदाताओं को जागरूक करने के लिए पच्चीस प्रतिशत छूट देने की घोषणा की है। वहीं, बच्चों के मनोरंजन के लिए चलने वाले बस और ट्रेन की सवारी पर तीस प्रतिशत छूट देने की बात भी कही है। यह सुविधा मतदान दिवस के दिन सात मई को मतदाताओं को अंगुली में स्याही लगा चिन्ह दिखाने पर मिलेगी।

मतदाता जागरूकता–02

मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के तहत नया रायपुर में स्वीप संध्या का आयोजन किया गया। इसमें जिला निर्वाचन अधिकारी डॉक्टर गौरव सिंह शामिल हुए। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि लोकतंत्र के इस महापर्व में नया रायपुर के हर नागरिकों को मतदान कर अपना कर्तव्य निभाना है। कार्यक्रम के बाद कलेक्टर ने सभी नागरिकों को मतदाता जागरूकता की शपथ भी दिलाई। स्वीप संध्या के अवसर पर रंगोली, नारा लेखन, नुक्कड़–नाटक, फुटबॉल और क्रिकेट प्रतियोगिता के जरिये मतदाता जागरूकता का संदेश दिया गया। वहीं, बच्चों के लिए दौड़ और कुर्सी दौड़ का भी आयोजन किया गया। इन प्रतियोगिताओं में प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया।

वहीं, दुर्ग जिले में पुलिस–प्रशासन की टीम ने आज बाईक रैली निकाली, जिसमें पुलिस अधीक्षक जितेन्द्र शुक्ला शामिल हुए और लोगों को शत–प्रतिशत मतदान का संदेश दिया। दुर्ग रेंज के पुलिस महानिरीक्षक रामगोपाल गर्ग और जिला निर्वाचन अधिकारी ऋचा प्रकाश चौधरी ने इस रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। बाइक रैली में पुलिस जवान और जिला प्रशासन के अधिकारी–कर्मचारी अपने हाथों में शत–प्रतिशत मतदान वाले स्लोगन लिखे पोस्टर लेकर निकले।

रेलवे–गति शक्ति कार्गो टर्मिनल

देश में अधोसंरचना को बढ़ावा देने के लिए रेलवे ने गति शक्ति कार्गो टर्मिनल की शुरुआत की है। रायपुर रेलमंडल के पहले गति शक्ति कार्गो टर्मिनल का शुभारंभ मंडल रेल प्रबंधक संजीव कुमार ने किया। इस अवसर पर रायपुर रेलमंडल से पहला कार्गो खड़गपुर के लिए रवाना किया गया, जिसमें किलिंकर लोड किया गया था। इस कार्गो टर्मिनल के शुरू होने से माल लदान और राजस्व में वृद्धि होगी। इसके साथ ही रायपुर रेलमंडल को लोडिंग–अनलोडिंग के लिए एक नया केंद्र मिल गया है, जहां से अन्य ग्राहक भी अपना सामान भेज सकेंगे।

गुरू घासीदास विवि–रैंकिंग

बिलासपुर स्थित गुरु घासीदास केंद्रीय विश्वविद्यालय "ए डबल प्लस" रैंकिंग पाने वाला प्रदेश का पहला विश्वविद्यालय बन गया है। इस विश्वविद्यालय को राष्ट्रीय मूल्यांकन और प्रत्यायन परिषद–नैक ने यह रैंकिंग प्रदान की है।

इसके पहले इस विश्वविद्यालय को नैक समीक्षा में "बी रैंक" दी गई थी। हाल ही में छह सदस्यीय नैक टीम ने विश्वविद्यालय का निरीक्षण किया। टीम ने निर्धारित मापदंडों – करिकुलम आसपेक्टस, टीचिंग लर्निंग, शोध, अनुसंधान, नवाचार और लर्निंग रिसोर्स के आधार पर मूल्यांकन किया। इस विश्वविद्यालय के मैनेजमेंट, संस्थागत मूल्य और बेस्ट प्रैक्टिस को भी परखा।

गौरतलब है कि यह विश्वविद्यालय शिक्षण–अध्ययन और अनुसंधान की गुणवत्ता को बढ़ावा देने के साथ ही शैक्षणिक माहौल को प्रोत्साहित करने के लिए भी काम करता है।

साहिल खान–गिरफ्तार

महादेव सट्टा ऐप मामले में मुंबई पुलिस ने बॉलीवुड अभिनेता साहिल खान को जगदलपुर से गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार साहिल खान महाराष्ट्र से छत्तीसगढ़ आकर पिछले कुछ दिनों से जगदलपुर में रह रहा था। साहिल खान को हिरासत में लेने के बाद पुलिस ने उसे शिंदेवाड़ी कोर्ट में पेश किया, जहां साहिल की जमानत अर्जी को खारिज करते हुए कोर्ट ने उसे चार दिन की पुलिस हिरासत में भेज दिया है।

### रायगढ़–सटोरिया गिरफ्तार

रायगढ़ पुलिस ने अलग–अलग थाना क्षेत्रों से सट्टा–पट्टी के साथ बारह लोगों को गिरफ्तार किया है। उनके पास से करीब साढ़े तेरह लाख रूपये नगद बरामद किए गए हैं। शहर के कई क्षेत्रों में सट्टा–पट्टी लिखने की सूचना मिलने पर रायगढ़ पुलिस ने टीम बनाकर अलग–अलग स्थानों पर छापा मारा। इस दौरान बारह लोगों को सट्टा–पट्टी लिखते गिरफ्तार किया गया। उनके पास से पंद्रह नग मोबाइल, एक लैपटॉप और एक टैबलेट भी बरामद किए गए हैं।

### दुर्घटना

राजनांदगांव जिले में आज हुए एक सड़क हादसे में पिता–पुत्री की मौत हो गई। वहीं, पांच अन्य लोग घायल हो गए, जिनमें एक की हालत गंभीर बनी हुई है। मिली जानकारी के अनुसार टटेंगा–जेवरतला निवासी एक दंपत्ति अपने दो बच्चों के साथ शादी समारोह में शामिल होने के बाद ग्राम खुर्सीपार से घर वापस लौट रहे थे। इसी दौरान ग्राम पिनकापार नाला के पास उनकी मोटरसाइकिल एक अन्य मोटरसाइकिल से टकरा गई। इस हादसे में दोनों मोटरसाइकिलों में सवार सात लोग घायल हो गए, जिनमें से टटेंगा निवासी पिता–पुत्री की इलाज के दौरान मौत हो गई। वहीं, घायल पांच अन्य लोगों को डोंगरगांव के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया है।

### राजनांदगांव–बंदूक चोरी

राजनांदगांव के डोंगरगढ़ स्थित भारतीय स्टेट बैंक में अज्ञात लोगों ने ताला तोड़कर बैंक में रखे दो नग बारह बोर की बंदूक और बीस नग कारतूस चोरी कर लिए। इस घटना की जानकारी सुबह बैंक खुलने के बाद अधिकारियों को हुई और उन्होंने इसकी सूचना बैंक प्रबंधक और पुलिस को दी। बैंक प्रबंधक सत्येंद्र कुमार सिंह की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर जांच शुरू कर दी है।

### मौसम

आगामी चौबीस घंटों के दौरान प्रदेश में एक–दो स्थानों पर हल्की वर्षा होने अथवा गरज–चमक के साथ छींटे पड़ने की संभावना है। वहीं, कुछ स्थानों पर आकाशीय बिजली गिरने और अंधड़ चलने की चेतावनी दी गई है। वर्षा का क्षेत्र मुख्य रूप से उत्तर और दक्षिण छत्तीसगढ़ रहने की संभावना है। मौसम विभाग के अनुसार एक द्रोणिका उत्तर–पूर्व झारखंड से दक्षिण छत्तीसगढ़ तक बनी हुई है। इसके असर से प्रदेश में नमी आ रही है।

इस बीच, आज राजधानी रायपुर और राजनांदगांव सहित प्रदेश के कुछ स्थानों पर तेज हवाओं के साथ हल्की बूंदाबांदी हुई।

### संक्षिप्त समाचार

– राजनांदगांव जिले के जमसरार गांव में स्थित जिला पंचायत के पूर्व सभापति के फॉर्म हाउस में लगे बोर के पास बारूद में विस्फोट होने से एक मजदूर की मौत हो गई। इस फॉर्म हाउस में बारूद कहां से आया, इस मामले की जांच पुलिस कर रही है।

– दुर्ग जिले के नंदिनी रोड स्थित एक इलेक्ट्रिक बाईक शो–रूम में आग लग गई। सूचना मिलने पर फायर ब्रिगेड की टीम घटनास्थल पहुंची और आग पर काबू पाया।

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>